दिनांक 4 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पहले आर्थिक तंगी से जूझ रही थी , घर के सदस्यों के भरण पोषण की गंभीर समस्या थी , दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत मिला लोन , दोना पत्तल बनाने की मशीन खरीदी और प्रतिमाह 10 हजार की हो रही है आय , घर का संचालन बच्चों की पढ़ाई से हुई चिंता मुक्त , और अब खुद का व्यवसाय भी है , जीवन की राह हुई आसान - मां शेरावाली महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होकर एक नई दिशा की ओर हो रही है अग्रसर

भिलाई नगर/ मां शेरावाली महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सुगंति देवी सुपेला गदा चौक के पास की निवासी है! यह बताती है कि पहले अन्न के लिए और दो वक्त के खाने के लिए मुश्किल से गुजारा हो रहा था! घर का संचालन करने में परेशानी थी ऊपर से बच्चों की पढ़ाई की चिंता थी , घर के पुरुष सदस्य का स्वयं का कोई व्यवसाय नहीं था, चारों तरफ से रोजगार के कोई साधन नहीं दिख रहे थे! जब पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत रोजगार मेला के माध्यम से लोन मिलने की जानकारी हुई तो वर्ष 2017 में 1 लाख 50 हजार का लोन लेकर दोना , पत्तल मशीन खरीदने का फैसला लिया और रोजगार प्राप्त हुआ! दोना , पत्तल के विक्रय से धीरे-धीरे आय बढ़ती गई , और इन्हीं पैसों से उन्होंने अपने और परिवार के सदस्यों के लिए दुकान खोली तथा आज इनके द्वारा डेली नीड्स एवं दोना पत्तल के दो दुकानों का संचालन किया जा रहा है! बच्चों की पढ़ाई की चिंता से भी मुक्त हुई और घर का संचालन भी यह आसानी से कर रही है! दोना पत्तल के विक्रय से प्रतिमाह 10000 रुपए का आय अर्जित कर रही है! योजना के लाभ मिलने से यह सब संभव हो पाया है!

जनसंपर्क अधिकारी